हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, गुरुवार 30 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 35.4 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 वीबी जीरामजी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना: एडीसी



12 बादल एक बार फिर साबित हुए दगाबाज, आसमान साफ होते ही चढ़ने लगा पारा





AIT KANINA PHARMACY COLLEGE
Approved by : AICTE & PCI, New Delhi
पॉलिटेक्निक करें नौकरी पाएं
B.PHARM (4 YEARS) D.PHARM (2 YEARS) 2 YEARS COURSE
ADMISSION OPEN
For Session 2026-27
Eligibility : 10+2 Pass (Medical & Non-Medical) सीटें सीमित
पता : AIT Pharmacy College गाहड़ा रोड, कनीना Mob. : 9992696300, 9466464921


## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस शिकायत में पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। पुलिस ने 26 जून को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने दिल्ली के मोहन गार्डन निवासी दिनेश को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया।

### सड़क हादसे का आरोपी दो चालक काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद मौके से फरार हुए एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत होने के बाद गत 23 जून को चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने गुजरात के बलेवा कासन  निवासी केशुभाई को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। उसका ट्रक भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### होटल पर मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**खोरी।** थाना रामपुरा पुलिस ने धामलावास के पास होटल पर मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर गत 5 जून जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। एक युवक पर कई लोगों ने हमला कर दिया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। इस मामले में होटल पर रहने वाले गुरुग्राम के बाघंकी खेड़की निवासी राहुल और दीपक को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

सड़कों पर उतरे निगम के इंजीनियर व कर्मचारी

हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# बिजली कर्मचारियों ने एग्री डिस्कॉम कंपनी बनाने का किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बुधवार को हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में अधिकारियों व कर्मचारियों ने बिजली निगम के निजीकरण एंव एवं कर्मचारियों व अभियंताओं की लंबित मांगो के विरोध में शहर में प्रदर्शन किया। उन्होंने हरियाणा एग्री डिस्कॉम कंपनी बनाने, बिजली वितरण का समानांतर लाइसेंस व स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को तुरंत रद्द करने की मांग की। बिजली अधिकारियों व कर्मचारियों ने सचिवालय पहुंचकर मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सीटीएम जितन्द्र कुमार को ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इससे पहले अधिकारियों व कर्मचारियों ने झज्जर रोड स्थित शक्ति भवन में धरना-प्रदर्शन भी किया, जिसमें मनोज सैनी ऑडिटर एचएसईबी वर्कर यूनियन हैड ऑफिस हिसार, विक्रम यादव सर्किल सेक्रेटरी रेवाड़ी, सुदमपाल सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एएचपीसी हिसार, धनराज एसकेएस जिला प्रधान, नपीन यादव सर्किल सेक्रेटरी एएचपीसी, मंजीत यादव वाइस प्रेसिडेंट एचएचईबी वर्कर यूनियन, विजयपाल यादव एसई डीएचबीवीएन रेवाड़ी, धमेन्द्र रुहिल एक्सईएन धारूहेड़ा, संदीप कुंडू एक्सईएन रेवाड़ी, संदीप यादव एक्सईएन टीएस डिविजन, सोनू यादव एसडीओ, कविन्द्र यादव एसडीओ, विजयपाल एसडीओ व जतिन कुमार एसडीओ सहित जेई व कर्मचारी मौजूद थे। इसके बाद बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने शक्ति भवन से सचिवालय तक पैदल मार्च किया। सचिवालय पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने 11 अगस्त से 13 अगस्त तक 3 दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल का भी ऐलान किया तथा 30 जुलाई से 10 अगस्त तक जनजागरण अभियान चलाने की भी घोषणा की। यूनियन नेताओं ने कहा कि बिजली निगम को किसी भी सूरत में एग्रो डिस्कॉम जैसी निजी कंपनियों के हाथों सौंपने नहीं दिया जाएगा। मनोज सैनी ऑडिटर एचएसईबी वर्कर यूनियन ने कहा कि प्रदेश सरकार पूंजीपत्तियों के इशारों पर काम कर रही है। कभी स्मार्ट मीटर तो कभी कोई और बहाना बनाकर सरकार बिजली निगम को एग्रो डिस्कॉम जैसी मुखौटा कंपनियों का सहारा लेकर पूंजीपत्तियों के हाथों में सौंपना चाहती है। अगस्त में तीन दिन की राज्यव्यापी हड़ताल की जाएगी।



**11 से 13 अगस्त तक राज्यव्यापी हड़ताल का ऐलान**



रेवाड़ी। शक्ति भवन से सचिवालय के लिए पैदल मार्च करते बिजली कर्मचारी, शक्ति भवन में कर्मचारियों को संबोधित करते मनोज सैनी। फोटो : हरिभूमि

### उपेक्षा से त्रस्त अधिकारी व कर्मचारी

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि पहले जब हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड को तोड़ा गया था तो यह कहा गया था कि निगम बनने से बिजली की व्यवस्थाओं में सुधार होगा और विभाग को राजस्व का लाभ व कर्मचारियों और उपभोक्ताओं को भी फायदा होगा, लेकिन सुधार होने की बजाय विभागीय घाटा बढ़ता जा रहा है। ऐसे हालातों में सरकार के की ओर से एक नई कंपनी हरियाणा एग्री डिस्कॉम बनाने की तैयारी की जा रही है, जबकि हरियाणा में किसानों के कृषि फीडर पहले से ही अलग हैं और उनके सारे काम टेंडर के जरिए होते हैं, इसलिए इस एग्री डिस्कॉम की कोई आवश्यकता नहीं है। गुरुग्राम तथा नूंह जिले में इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को डीएचबीवीएन के समानांतर बिजली वितरण का लाइसेंस देने की प्रक्रिया एचईआरसी के विचाराधीन है, इसलिए हरियाणा एग्री डिस्कॉम कंपनी बनाने, बिजली वितरण का समानांतर लाइसेंस व स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को तुरंत रद्द किया जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा बिजली निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी वर्तमान समय में अत्यंत विषम परिस्थितियों और अपनी न्यायसंगत मांगों की उपेक्षा से त्रस्त हैं। विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार, कर्मचारियों के स्वाभिमान, सेवा-सुरक्षा की रक्षा तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से सभी संगठनों की ओर से बार-बार ध्यानाकर्षण के बावजूद मांगों पर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है।



रेवाड़ी। सीटीएम को ज्ञापन सौंपते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# खोरी गांव से भैंस चोरी करने के दो आरोपी चंद घंटे बाद काबू

**रेवाड़ी।** गत 26 जुलाई की रात खोरी गांव से भैंस चोरी करने के मामले में आरोपियों को चंद घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया। भैंस बरामद करने के बाद दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया। खोरी निवासी शेरसिंह ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसने बीते रविवार की रात अपनी भैंस को नहलाकर प्लॉट में बांधा था। अगले दिन सुबह करीब 5 बजे जब वह पशुओं को चारा डालने के लिए प्लॉट पर गया, तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। प्लॉट से उसकी भैंस गायब थी। उसने आसपास काफी पूछताछ की, लेकिन भैंस का कोई पता नहीं चला। रास्ते में गाड़ी के टायरों के निशान थे, जिनसे अंदाजा लगाया कि गाड़ी चिमनावास गांव की ओर गई है। चिमनावास गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर रात को 1:08 बजे एक पिकअप गाड़ी तिरपाल ढकी हुई जाती दिखाई दी। गाड़ी में पीछे भैंस भी नजर आ रही थी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में भैंस चोरी के आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### पिकअप को कब्ज में लिया व भैंस बरामद

पुलिस ने तकनीकी आधार पर जांच करते हुए इस मामले में हुसैनपुर निवासी विकास और रामपुरा निवासी रोशनलाल को गिरफ्तार कर लिया। पिकअप गाड़ी को कब्जे में लेकर पुलिस ने भैंस भी बरामद कर ली। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया। उनके अन्य साथियों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# छात्रा अनोखी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बनी विजेता



**कोसली।** गांव सुरहेली के खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कृष्णा आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहोतवास भौंदू की कक्षा 9वीं की छात्रा अनोखी ने 48 से 50 किलोग्राम भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। खंड स्तर पर भी विद्यालय के 5 खिलाड़ी बॉक्सिंग में विजेता रहे थे। संस्था के चेयरमैन अमित कुमार ने इस उपलब्धि पर अनोखी के साथ-साथ बॉक्सिंग कोच राखी यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्य और समस्त स्टाफ को बधाई दी। संस्था निदेशक सुनीता यादव ने छात्रा को राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# अवैध शराब बेचने वालों पर रेड 6 आरोपियों को किया गया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस ने अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले लोगों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अलग-अलग स्थानों पर छापे मारकर पुलिस ने 6 लोगों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने विकास नगर निवासी सुरेंद्र को 13 बोतल अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। राजीव नगर में शराब बेचने के आरोप में पुलिस ने मनीष को 50 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिसने सेक्टर-3 में रह रहे मूल रूप से दमोह के चकरदान निवासी भागीरथ को 48 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया है। भाड़ावास निवासी दीपक उर्फ सोनू को 60 पव्वा देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। जाटूसाना थाना पुलिस ने जाटूसाना गांव में छापेमारी करते हुए प्रदीप को 50 पव्वे व मेघराज को 60 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के लिए अलग-अलग अभियोग अंकित किए गए हैं।

# एसडीएम का तबादला, हड़ताल वापसी पर फैसला आज

■ नूंह के डीएमसी दलबीर सिंह होंगे रेवाड़ी के नए एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एसडीएम के तबादले की मांग पर 9 दिन से आंदोलन कर रहे वकीलों को आखिरकार अपनी जंग में जीत मिल गई। बुधवार को प्रदेश सरकार ने एसडीएम सुरेश कुमार के तबादला आदेश जारी कर दिए। उनके स्थान पर नूंह के डीएमसी दलबीर सिंह रेवाड़ी के नए एसडीएम नियुक्त किए गए हैं। बार एसोसिएशन ने आंदोलन वापस लेने की घोषणा धरना स्थल पर ही वीरवार को किए जाने की घोषणा की है। सीनियर वकीलों के साथ दुर्व्यहार करने और मनमाने तरीके से स्टांप ड्यूटी माफ करते हुए सरकारी राजस्व का नुकसान पहुंचाने के आरोपों को लेकर वकीलों ने आंदोलन शुरू किया हुआ है।



रेवाड़ी। कोर्ट परिसर में धरने पर बैठे वकील। फोटो : हरिभूमि

### आज धरना स्थल पर होगी बैठक

बार प्रधान विश्वामित्र ने कहा कि एसडीएम का तबादला सभी वकीलों के संयुक्त संघर्ष की जीत है। इस आंदोलन में आमजन ने भी वकीलों का खुलकर साथ दिया। एसडीएम का तबादला न्यायिक प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए जरूरी हो गया था, इसलिए वकील आंदोलन करने को मजबूर हुए। वीरवार को धरना स्थल पर ही वकीलों की बैठक होगी, जिसके बाद आंदोलन खत्म करने के निर्णय पर विचार किया जाएगा।






बरसात के दिनों में खान-पान में की गई जरा-सी लापरवाही आपके स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। इसलिए इस मौसम में अपनी डाइट में पौष्टिक, संतुलित और स्वच्छ खाद्य पदार्थों को शामिल करना बेहद जरूरी है।

## रेनी सीजन के लिए कैसा हो डाइट प्लान

डाइट सजेशन
शिखर चंद जैन



मानसून या बरसात का मौसम गर्मी से राहत तो लाता है, लेकिन अपने साथ कई तरह की बीमारियां और स्वास्थ्य चुनौतियां भी लेकर आता है। आयुर्वेद के अनुसार, इस मौसम में शरीर की जठराग्नि कमजोर हो जाती है, जिससे पाचन तंत्र संवेदनशील हो जाता है। इसलिए डाइट को लेकर सजग रहना जरूरी है।

**दिन की शुरुआत:** विशेषज्ञों के अनुसार, बरसात के मौसम में सुबह की शुरुआत चाय या कॉफी के बजाय गुनगुने पानी, नीबू पानी या हर्बल काढ़े से करनी चाहिए। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के दिशा-निर्देशों के मुताबिक, अदरक, तुलसी, काली मिर्च और दालचीनी से बना काढ़ा एंटी-माइक्रोबियल गुणों से भरपूर होता है। यह आपके श्वसन तंत्र को साफ रखता है और मौसमी फ्लू से बचाता है। अदरक में मौजूद 'जिंजरोल' नामक तत्व सूजन और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।



**उबला पानी ही पिएं:** बरसात के दिनों में सबसे ज्यादा बीमारियां दूषित पानी के कारण होती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन के अनुसार, इस मौसम में पानी को कम से कम 10 मिनट तक उबालकर और ठंडा करके ही पीना चाहिए। उबलने से पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं। लोग अक्सर इस मौसम में प्यास कम लगने के कारण कम पानी पीते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। दिन में कम से कम 8-10 गिलास उबला हुआ पानी जरूर पिएं ताकि टॉक्सिंस बाहर निकल सकें।

**सुपाच्य-गर्म नाश्ता:** मानसून में सुबह का नाश्ता हल्का, सुपाच्य और ताजा होना चाहिए। शोध बताते हैं कि ठंडा या रखा हुआ खाना बैक्टीरिया के पनपने का मुख्य केंद्र होता है। अपने नाश्ते में दलिया, ओट्स, पोहा या सूजी का उपमा शामिल करें। इनमें फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो पेट को साफ रखती है। इसमें थोड़ी-सी हल्दी और राई का तड़का लगाएं, जो अपने एंटी-सेप्टिक गुणों के लिए जाने जाते हैं।

**मौसमी फल:** फलों का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है, लेकिन बरसात में फल चुनते समय सावधानी बरतनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार, तरबूज या खरबूजा जैसे अत्यधिक पानी वाले फलों से इस मौसम में बचना चाहिए, क्योंकि ये जल्दी खराब होते हैं। इसके बजाय सेब, नाशपाती, अनार, पपीता और जामुन जैसे फलों को प्राथमिकता दें। जामुन में एंटी-ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं और यह पाचन क्रिया को सुधारता है। ध्यान रहे कि फलों को काटने के तुरंत बाद खा लें, उन्हें लंबे समय तक काटकर खुला न छोड़ें।

**मौसमी सब्जियां:** आमतौर पर हरी पत्तेदार सब्जियों को सेहतमंद माना जाता है, लेकिन मानसून में इनमें कीड़े, लार्वा और फंगस लगने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। जर्नल ऑफ फूड प्रोटेक्शन के शोध बताते हैं कि इस मौसम में पत्तागोभी, पालक और ब्रोकली की परतों में छिपे बैक्टीरिया धोने के बाद भी पूरी तरह नहीं निकलते। इसकी जगह लौकी, तोरई, कद्दू, टिंडा और परवल जैसी बेल वाली सब्जियों का सेवन करें। ये सब्जियां हल्की होती हैं और पेट पर अतिरिक्त दबाव नहीं डालतीं।

**छाछ, दही और कांजी:** पाचन तंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए आंतों के अच्छे बैक्टीरिया का स्वस्थ होना जरूरी है। न्यूट्रिशनिस्ट्स के अनुसार, दोपहर के भोजन में घर का जमा हुआ ताजा दही या जीरा-हींग युक्त छाछ शामिल करें। प्रोबायोटिक्स आंतों की परत को मजबूत करते हैं और संक्रमण फैलाने वाले बैक्टीरिया को पेट में टिकने नहीं देते।

**एंटी-बैक्टीरियल मसाले:** भारतीय रसोई में इस्तेमाल होने वाले मसाले प्राकृतिक दवा की तरह काम करते हैं। बरसात के दिनों में खाना बनाते समय हल्दी, जीरा, धनिया, मेथी दाना, हींग और लहसुन का प्रयोग थोड़ा बढ़ा दें। *

**(डायटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. विनोद चवन
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट-कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, नवी मुंबई

ऑक्सीजन को शरीर के समस्त अंगों तक फेफड़े ही पहुंचाते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप आपके जीवन का सफर आगे बढ़ता रहता है, किंतु शरीर का यह महत्वपूर्ण अंग जब कैंसरग्रस्त होता है, तब जीवन पर संकट के बादल छाने लगते हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के अनुसार भारत में पुरुषों में अन्य अंगों की तुलना में फेफड़ों के कैंसर के सर्वाधिक मामले सामने आते हैं। लंग कैंसर दो प्रकार के होते हैं-

**नॉन-स्मॉल सेल लंग कैंसर:** ये फेफड़ों के कैंसर का सबसे कॉमन प्रकार है। लंग्स कैंसर के ज्यादातर मामले एनएससीएलसी से संबंधित होते हैं।

**स्मॉल सेल लंग कैंसर:** नॉन स्मॉल सेल लंग कैंसर की तुलना में स्मॉल सेल लंग कैंसर (एससीएलसी) कहीं अधिक तेजी से बढ़ता है और इसका इलाज करना कठिन होता है।

### लंग कैंसर के कारण

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में फेफड़ों के कैंसर के लगभग 80 प्रतिशत मामले विभिन्न रूपों में धूम्रपान के कारण सामने आते हैं। धूम्रपान के अतिरिक्त जो लोग धूम्रपान करने वाले लोगों के संपर्क में आते हैं, उनमें भी कालांतर में फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। धूम्रपान करने वाले लोगों के निकट रहने वाले को पैसिव स्मोकर कहा जाता है।


**जेनेटिक गड़बड़ी:** धूम्रपान से शरीर में ऐसे तमाम केमिकल्स फेफड़ों में जाते हैं, जो कालांतर में जींस में गड़बड़ी उत्पन्न करते हैं और यह स्थिति एक अर्से बाद कैंसर का जोखिम बढ़ा देती है। वहीं जिन लोगों के परिवार के सदस्यों में फेफड़ों का कैंसर अतीत में रहा हो, उनमें लंग कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है।

**वायु प्रदूषण से बढ़े रिस्क:** शहरों में सड़कों पर वाहनों का धुआं भी लोगों के फेफड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यह स्थिति कालांतर में फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा रही है। देश के अनेक महानगरों और छोटे शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) दिनोंदिन खराब होता जा रहा है। जिस सूचकांक को 100 के अंदर होना चाहिए वह लगभग 200 के पार और अनेक बड़े शहरों में 400 के पार तक पहुंच जाता है।

स्पेशल: वर्ल्ड लंग कैंसर-डे, 1 अगस्त

जब फेफड़ों के किसी भाग या टिश्यूज में स्थित कोशिकाएं अनियंत्रित तरीके से बढ़ने लगती हैं, तब फेफड़ों के किसी भाग में गांठ (नोड्यूल) बनना शुरू हो जाती हैं, जो बाद में फेफड़े के कैंसर का कारण बनती है। इसके होने के कई कारण हैं। लेकिन समय पर पता लगने पर अब इसका ट्रीटमेंट संभव है। लंग कैंसर से जुड़ी उपयोगी जानकारी आपको यहां दे रहे हैं।

## लाइलाज नहीं रहा लंग कैंसर



### लंग कैंसर के प्रमुख लक्षण

- मामूली शारीरिक परिश्रम करने पर भी सांस फूलने लगती है या सांस लेने में दिक्कत होना।
- गहरी सांस लेते समय सीने में दर्द होना।
- लगातार बनी रहने वाली खांसी जो लगभग तीन से चार हफ्ते से जारी हो। खांसी की आमतौर पर ली जाने वाली दवाओं के सेवन के बाद भी इस समस्या का बढ़ते जाना।



- खांसने पर या बलगम में खून आना।
- किसी कारण के बिना वजन का कम होना।
- हमेशा लो एनर्जी फील करना, बेवजह बहुत थकान महसूस होना।
- निगलने में दिक्कत और आवाज बैठना।
- सीने में घरघराहट महसूस होना।

हालांकि उपरोक्त लक्षणों का होना इस बात का सूचक नहीं है कि आपको फेफड़े का कैंसर है। इनमें से कई लक्षण अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से भी संबंधित हो सकते हैं। बावजूद इसके यदि आपको इनमें से कोई लक्षण कुछ हफ्तों तक महसूस हों, तो आपको डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

### कैंसर की अवस्थाएं

**स्टेज 1:** जब कैंसर की गांठ या नोड्यूल फेफड़े के किसी एक निश्चित भाग तक ही सीमित रहता हो।



**स्टेज 2:** जब कैंसर फेफड़े के अंदर लिंफ नोड्स तक फैल गया हो या फेफड़े के एक ही लोब में एक से अधिक गांठें हों।

**स्टेज 3:** कैंसर जब दूसरे फेफड़े में फैल चुका हो।

**स्टेज 4:** कैंसर जब फेफड़े और दिल के आस-पास के द्रव या अन्य अंगों तक फैल चुका हो। इस गंभीर स्थिति को मेटास्टेटिक लंग कैंसर कहते हैं। मेटास्टेटिक, कैंसर का ऐसा प्रकार है, जो एक फेफड़े में शुरू होता है लेकिन दूसरे फेफड़े या अन्य अंगों में फैल जाता है। फेफड़ों के ऐसे कैंसर का इलाज उस कैंसर की तुलना में कहीं ज्यादा जटिल होता है, जो अपने मूल स्थान से बाहर किसी दूसरे अंगों तक नहीं फैला होता है।

### डायग्नोसिस के तरीके

इसके डायग्नोसिस के लिए पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट, सीने का एक्स-रे, एमआरआई, पैट सीटी स्कैन और सीटी स्कैन शामिल हैं। इसके अलावा ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, स्प्यूटम टेस्ट, बायोप्सी और ब्रॉन्कोस्कोपी आदि जांचें भी कराई जाती हैं।

### इलाज के तरीके हैं कई

विशेषज्ञ डॉक्टर फेफड़े के कैंसर से ग्रस्त मरीज के उपचार की प्रक्रिया का निर्धारण उसके कैंसर की स्टेज, उसकी शारीरिक स्थिति और उम्र आदि बातों के मद्देनजर सुनिश्चित करते हैं। चिकित्सा विज्ञान में हुई चमत्कारिक प्रगति के कारण अब सर्जिकल प्रक्रिया अतीत की तुलना में मरीज के लिए कहीं ज्यादा लाभदायक हो चुकी है। यही बात कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी के संदर्भ में भी लागू होती है।

**सर्जरी:** इसके अंतर्गत फेफड़े के कैंसरग्रस्त भाग या प्रभावित टिश्यू को सर्जरी के जरिए निकाला जाता है। जब कैंसरग्रस्त भाग एक ही जगह पर हो और वह शरीर के अन्य भागों में नहीं फैला हो, तब सर्जरी की जाती है।

**रेडिएशन थेरेपी:** इसके अंतर्गत प्रोटॉन थेरेपी, लीनियर एक्सिलरेटर्स, 'गामा नाइफ' और 'साइबर नाइफ' आदि का इस्तेमाल किया जाता है। अब आधुनिक रेडिएशन थेरेपी के जरिए कैंसरग्रस्त भाग के आस-पास के स्वस्थ टिश्यूज को बचाते हुए कैंसरग्रस्त टिश्यूज तक रेडिएशन की सटीक डिलीवरी संभव है।

**रोबोटिक सर्जरी:** अब रोबोट की सहायता से मिनिमल इनवेसिव सर्जरी संभव है, जिससे मरीजों को बेहतर परिणाम मिल रहे हैं।

**कीमोथेरेपी:** मेडिकल साइंस में हुए शोध-अनुसंधानों के कारण कीमोथेरेपी में नई दवाएं शामिल हो चुकी हैं, जिनके कारण मरीज को अब कम 'साइड और आफ्टर इफेक्ट' सहने पड़ते हैं।

**इम्यूनोथेरेपी:** मानव शरीर में रोग प्रतिरोधक शक्ति होती है, जिसे इम्यूनिटी कहा जाता है। मेडिकल साइंस के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति में कैंसर से लड़ने की इम्यूनिटी होती है, जो शरीर में कैंसरस कोशिकाओं को खत्म कर देती है। इम्यूनोथेरेपी के लिए इंजेक्शन आते हैं, जिन्हें कैंसर विशेषज्ञ के परामर्श से लगाया जाता है। ऐसे इंजेक्शंस इम्यूनिटी को बढ़ाते हैं। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### फेफड़ों के कैंसर से संभव है बचाव

**धूम्रपान से बचें:** एक अध्ययन के अनुसार धूम्रपान छोड़ने से आपके फेफड़ों के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। अगर धूम्रपान छोड़ने में आपको दिक्कत हो रही है, तो अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**पैसिव स्मोकिंग से बचें:** अगर आप धूम्रपान करने वाले लोगों के निकट संपर्क में रहते हैं तो ऐसी स्थिति में भी आप उनके द्वारा वातावरण में छोड़ी गई सांस ग्रहण कर सकते हैं, जिसे सेकेंड हैंड स्मोकिंग या पैसिव स्मोकिंग भी कहते हैं, जो अत्यंत नुकसानदेह है।

**बचें वाहनों के धुएं से:** वाहनों से निकलने वाले धुएं में कार्बन मोनोऑक्साइड पाया जाता है, जो फेफड़ों के लिए अत्यंत नुकसानदेह है। इसलिए वाहनों के प्रदूषण और अन्य प्रदूषित माहौल से बचने के लिए मास्क पहनें।



**जरूरी है हेल्दी लाइफस्टाइल:** हेल्दी लाइफस्टाइल से कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके अंतर्गत संतुलित पौष्टिक खान-पान, व्यायाम और तनाव प्रबंधन आदि शामिल हैं। खान-पान में हरी सब्जियों, फलों और साबुत अनाजों को वरीयता दें। जंक और प्रोसेस्ड फूड्स से जहां तक संभव हो परहेज करें।

**मोटापे से बचे रहें:** मोटापा हृदय रोग और मधुमेह को ही नहीं, बल्कि कैंसर के जोखिम को भी बढ़ा देता है। मोटापे को दूर करने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करें और अपने खान-पान में नमक, चीनी और अत्यधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थ और उत्पादों का कम से कम सेवन करें। मोटापे के संदर्भ में 'बीएमआई' के बारे में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

प्रिकॉशन

डॉ. एम. वली
सीनियर फिजीशियन
सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

हाल में कुछ प्रदेशों में कोरोना संक्रमण के कुछ मामले सामने आए। इससे लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस मामले में बिना घबराए हुए कोरोना से बचाव के लिए सावधानी बरतना सबसे जरूरी है। इस बारे में और डिटेल में जानिए।

## सामने आए हैं कोरोना के कुछ मामले रहें पूरी तरह सतर्क-बरतें सावधानी



हाल ही में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और बिहार सहित कुछ राज्यों में आए कोविड-19 के नए मामलों की खबर सुर्खियों में रहीं। इनमें अधिकांश मरीजों में हल्के लक्षण पाए गए हैं, जबकि कुछ बुजुर्गों और पहले से गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। आंध्र प्रदेश में चार ऐसे मरीजों की मौत ने चिंता बढ़ा दी है।

**डरें नहीं-सजग रहें:** स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि कोरोना संक्रमित अधिकांश मरीजों में हल्के लक्षण पाए गए हैं। कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत की वजह केवल कोरोना संक्रमण नहीं, को-मॉबलिटी थीं। यानी ये मरीज पहले से ही डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, फेफड़ों की बीमारी, किडनी की बीमारी और दूसरी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। कमजोर इम्यूनिटी के कारण कोरोना की जंग में वे हार गए।

विशेषज्ञों का मानना है कि कोविड अब पेंडेमिक नहीं, बल्कि एंडेमिक स्टेज में पहुंच गया है। कभी पूरी तरीके से खत्म नहीं होगा। हमें कोरोना के साथ जीना है। करोना जाएगा नहीं, कोरोना के साथ रहना है। हम अकसर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करना भूल जाते हैं, जिसकी वजह से कोरोना के मामले देखने को मिलते हैं। कोविड-19 अब इंफ्लूएंजा (फ्लू) जैसे श्वसन संक्रमणों की श्रेणी में शामिल होता जा रहा है, जो मौसम के अनुसार समय-समय पर बढ़ सकते हैं। जैसे हर साल मौसम बदलने पर सर्दी-जुकाम या फ्लू के मामले आते हैं। वैसे ही अब कोविड के भी छिटपुट मामले समय-समय पर सामने आते रहेंगे।

**नए केसेस आने की वजह:** साल 2020 से 2022 तक पूरी दुनिया को प्रभावित करने वाला एसएआरएस-कॉव-2 वायरस म्यूटेशन के बाद समय-समय पर अपना स्वरूप बदलता रहता है। इसी कारण इसके नए वैरिएंट सामने आते रहते हैं। आंध्र प्रदेश में मिले अधिकांश संक्रमण ओमिक्रॉन परिवार से जुड़े हैं। इनकी आरएफ-5 ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट के रूप में पहचान हुई है। लेकिन इन्हें 2020-21 जैसी गंभीर महामारी का संकेत नहीं माना जा रहा है। अधिकांश संक्रमण हल्के हैं और अभी तक ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि आरएफ-5 ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट पहले के कोरोना वैरिएंट्स से अधिक घातक हैं। फिर भी, वायरस के लगातार बदलते स्वरूप को देखते हुए सतर्क रहना, लक्षण होने पर जांच कराना और विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले लोगों की सुरक्षा पर ध्यान देना जरूरी है।

**किन्हें है रिस्क:** सबसे ज्यादा खतरा उन लोगों को है, जो कमजोर इम्यूनिटी वाले यानी छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग हैं। या फिर जो पहले से डायबिटीज, हार्ट डिजीज, सीओपीडी जैसी फेफड़ों की पुरानी बीमारी, हाइपरटेंशन, किडनी की बीमारी या कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं। इन लोगों में संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है।

**कोरोना वैक्सीन कितनी प्रभावी:** पहले कोरोना वैक्सीन लगवा चुके लोगों को आज भी संक्रमण होने की संभावना हो सकती है। चूंकि वायरस समय के साथ बदलता रहता है और वैक्सीन से बनी संक्रमण-रोधी इम्यूनिटी या एंटीबॉडी भी धीरे-धीरे कम हो सकती है। फिर भी अधिकांश मामलों में यह वैक्सीन कोरोना से बचाव का सुरक्षा कवच है। यह भले ही इंफेक्शन को पूरी तरीके से न रोक पाए, लेकिन यह गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु के जोखिम से काफी हद तक बचाने में मदद करती है।

**क्या हैं लक्षण:** संक्रमित व्यक्ति को इंफ्लूएंजा के समान लक्षण हो रहे हैं जैसे- मांसपेशियों में दर्द, बदन दर्द, बुखार, खांसी आना, नाक बहना या कंजेशन होना, गला खराब होना, कमजोरी, थकान, स्वाद और गंध में बदलाव। ध्यान न देने पर निमोनिया भी हो सकता है।

**कब जाएं डॉक्टर के पास:** अगर बुखार तीन से पांच दिन तक बना रहे, लगातार खांसी, गले में खराश या सांस लेने में तकलीफ हो, ऑक्सीजन स्तर कम हो, सीने में दर्द या गंभीर कमजोरी महसूस हो, तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। जल्दी पता चलने से न सिर्फ इलाज आसान होता है, बल्कि संक्रमित व्यक्ति अनजाने में दूसरों को संक्रमित करने से भी बचता है।

**कैसे होता है उपचार:** फिलहाल कोरोना के इस नए वैरिएंट के लिए कोई अलग या विशेष दवा उपलब्ध नहीं है। उपचार रोग की गंभीरता और मरीज के जोखिम के आधार पर किया जाता है। उपचार के दौरान जरूरी है कि संक्रमित व्यक्ति और उसके नजदीकी लोग कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें।

संक्रमित व्यक्ति को आइसोलेट किया जाता है। अधिकांश हल्के मामलों में मरीज के लक्षणों के अनुसार (सिंप्टोमैटिक) उपचार ही किया जाता है। यानी घर पर आराम करने, बुखार या दर्द (जैसे पैरासिटामोल), खांसी की दवा लेने, संतुलित-पोषक-सुपाच्य आहार लेने और पर्याप्त पानी पीने संबंधी सलाह दी जाती है। कोरोना का सेल्फ-लिमिटिंग नेचर (शरीर की प्रतिरक्षा के कारण स्वतः नियंत्रित होने वाला संक्रमण) होने के कारण अधिकांश मरीज 6-7 दिन में स्वस्थ हो जाते हैं। जबकि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी या कमजोर प्रतिरक्षा वाले हाई रिस्क कैटेगरी के मरीजों को विशेष निगरानी और चिकित्सकीय उपचार की जरूरत पड़ सकती है। उन्हें आवश्यकता पड़ने पर विशेष एंटीवायरल दवाएं भी दी जाती हैं। समय पर शुरू किया गया उपचार बीमारी के गंभीर रूप लेने के जोखिम को कम कर सकता है। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

### कैसे करें बचाव

- कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें।
- भीड़-भाड़ में दूसरों से दूरी बनाए रखें।
- भीड़-भाड़ वाली जगह जाना जरूरी हो, तो मास्क जरूर पहनें।
- हाथों की स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें। समय-समय पर साबुन से हाथ धोएं या सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें।
- वैक्सीनेशन को नजरअंदाज बिल्कुल न करें। अगर आप हाई रिस्क कैटेगरी में आते हैं तो वैक्सीनेशन को लेकर अपने डॉक्टर से बात जरूर करें। या फिर अगर इंटरनेशनल ट्रैवल पर जा रहे हों, तब बूस्टर डोज जरूर लगवाएं।



- संतुलित आहार खाएं। मौसमी और ताजे फल ज्यादा खाएं।
- नियमित वॉक करें, एक्सरसाइज करें, डीप ब्रीदिंग करें, प्राणायाम करें।
- अगर बुखार, खांसी या सांस लेने में दिक्कत हो तो डॉक्टर से सलाह लें।

योगोपचार

ललिता गोयल

लंबे स्क्रीन टाइम और स्ट्रेस की वजह से कई बार थका हुआ होने के बाद भी रात को अनेक लोगों को नींद नहीं आती या बार-बार नींद टूटने की समस्या होती है। ऐसे में आप रेग्युलर कुछ योगासनों का अभ्यास कर सकते हैं।

## क्या रात में नींद नहीं आती नियमित करें ये योगासन

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में रात को नींद न आना एक सामान्य समस्या बन गई है और आजकल अधिकांश लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। रात को सही से नींद न आने की वजह से न केवल अगले दिन थकान बनी रहती है बल्कि कई अन्य तरह की स्वास्थ्य समस्याएं जैसे हार्मोनल असंतुलन और इम्युनिटी पर भी नेगेटिव असर हो सकता है।


**योगासन है कारगर:** हर व्यक्ति को हेल्दी रहने के लिए कम से कम 7-8 घंटे की नींद लेना बेहद जरुरी होता है। योग अच्छी नींद लाने और स्ट्रेस कम करने के साथ-साथ बॉडी और माइंड को रिलैक्स करने में मदद करता है। योगासन दिनभर का तनाव भी कम करके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बनाता है, मांसपेशियों का तनाव दूर करता है और मन को शांत करता है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे योगासनों और प्राणायाम के बारे में जिन्हें सोने से पहले करना भरपूर नींद के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

**अनुलोम-विलोम:** यह प्राणायाम अनिद्रा भगाने में कारगर होता है। इसमें पहले बाईं नाक से सांस लेनी होती है और दाएं से छोड़नी होती है। इसी तरीके से दाएं से बाएं करना होता है। इस योगासन को आप 10 से 15 बार कर सकते हैं। अनुलोम-विलोम करने से पैरासिंपेथेटिक नर्वस सिस्टम सक्रिय हो जाता है जो दिल की धड़कन को धीमा करता है। इससे कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) का स्तर कम होता है और दिमाग शांत होता है, जिससे शरीर स्वाभाविक रूप से नींद के लिए तैयार हो जाता है।



**विपरीत करणी आसन:** यह आसन दिनभर की थकान को दूर करने और दिमाग को रिलैक्स करने के लिए सबसे बेहतरीन माना जाता है। इस आसन को बिस्तर पर लेटे-लेटे किया जा सकता है। यह पैरों की सूजन और थकान को कम करके मानसिक तनाव को तुरंत शांत करता है। इस आसन को करने के लिए बिस्तर के सिरहाने या दीवार के सहारे अपनी पीठ के बल लेट जाएं। फिर अपने दोनों पैरों को ऊपर की ओर उठाएं और दीवार या बेड के बैकरेस्ट से टिका दें। अपने दोनों हाथों को शरीर के बगल में आराम से फैला लें और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। अपनी आंखें बंद करें और गहरी सांसें लें। इस पोज में 5 से 10 मिनट तक रहें।

**बालासन:** यह आसन रीढ़ की हड्डी के तनाव को दूर करता है, पीठ के निचले हिस्से को आराम देता है और



आपके नर्वस सिस्टम को मैसेज भेजता है कि अब सोने का समय हो गया है। इस आसन को करने के लिए बिस्तर पर घुटनों के बल बैठ जाएं अपने दोनों घुटनों के बीच थोड़ा गैप रखें, अब अपने सामने एक या दो मुलायम तकिए लंबाई में रखें। लंबी सांस खींचें और छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें, जिससे आपकी छाती और सिर तकिए पर आराम से टिक जाएं। अपने हाथों को आगे की ओर फैला लें या शरीर के पीछे आराम से छोड़ दें। इस पोजीशन में गहरी सांसें लें और कम से कम 2-3 मिनट तक रहें। इस आसन को करने से से पीठ, कंधे और गर्दन का तनाव दूर होता है और मन शांत होता है, जिससे नींद अच्छी आती है।

**शवासन:** शवासन योग का अंतिम और सबसे जरूरी आसन माना




जाता है। इसे करने के लिए पीठ के बल लेट जाएं और हाथ-पैरों को थोड़ा फैलाकर आरामदायक स्थिति में रखें। आंखें बंद करें और गहरी सांसें लेते हुए शरीर के हर अंग को ढीला छोड़ दें। 5-10 मिनट तक इसी पोजीशन में रहें। यह आसन पूरे शरीर और मन को रिलैक्स करता है, तनाव दूर करता है और नींद न आने की समस्या को दूर करने में मददगार होता है। अगर इस आसन का रोज अभ्यास करें तो शरीर फिजिकल और मेंटल स्ट्रेस से बाहर आता है, जिससे नींद अच्छी आती है। *

**(योग एक्सपर्ट हेतल शाह से बातचीत पर आधारित)**

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मुक्तेश्वर पूरी धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# गुरु का मार्गदर्शन ही व्यक्ति को संस्कार व जीवन में सही दिशा करता प्रदानः वीर

■ गुरु हमें अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते, गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव बनाए रखें युवा


रेवाड़ी। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ में एकत्रित गणमान्य लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने कोसली के बाबा मुक्तेश्वर पुरी धाम पहुंचकर बाबा को चादर अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मठाधीश महंत शिवपुरी महाराज, गांव के कुल पुरोहित पंडित गुरुदत्त, शिव मंदिर के पुजारी पंडित रामदास तथा पंडित रामचंद्र शास्त्री को भी शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव ने कहा कि गुरु भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। गुरु का मार्गदर्शन ही व्यक्ति को ज्ञान, संस्कार और जीवन में सही दिशा प्रदान करता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर कोसली गांव के सरपंच रामकिशन, सूबेदार महेंद्र सिंह, कोसली बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट जयकिशन ढिल्लों, पूर्व चेयरमैन विजय आजाद, डीएवी एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान संजय यादव, एडवोकेट रमेश शर्मा, सुरेंद्र सरपंच, संजय पंच, अनिल पंच, एडवोकेट ममता यादव, पवन कुमार, एडवोकेट रिंकू कोसलिया, नठेडा के सरपंच मनोज कुमार, श्यामनगर के सरपंच जिले सिंह, भूरावास के सरपंच महेंद्र सिंह, ब्लाक पार्षद प्रतिनिधि अशोक कुमार, पंच शारदा यादव, एडवोकेट गुरुदयाल सिंह, महेश लखेरा सहित अनेक एडवोकेट नरेंद्र यादव, ईश्वर सिंह व नागरिक उपस्थित थे।

### गुरु अज्ञान से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जातेः जांगिड़

.रेवाड़ी। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बिठवाना मंडल में गुरुजनों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रमुख एवं जांगिड़ समाज जिला अध्यक्ष कैलाश चंद्र जांगिड़ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ शिक्षक मास्टर शिवदयाल एवं मास्टर राधेश्याम का सम्मान किया। कार्यक्रम में अशोक, वीरेंद्र, जिले सिंह, विजय, कालूराम, अजय व देशराज सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रमुख एवं जांगिड़ समाज जिला अध्यक्ष कैलाश चंद्र जांगिड़ ने कहा कि गुरु हमें अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। वे केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की सही कला, नैतिक मूल्य और श्रेष्ठ संस्कार भी प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव बनाए रखें तथा उनके दिखाए हुए आदर्श मार्ग पर चलने का संकल्प लें।

# स्वच्छता पखवाड़ा वातावरण को स्वच्छ रखने की देता है प्रेरणा : डॉ. अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली


रेवाड़ी। रीजनल सेंटर में स्वच्छता अभियान में भाग लेती छात्राएं व स्टाफ सदस्य।

कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में बुधवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत परिसर को स्वच्छ एवं हरित बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा शुरू किया गया। रीजनल सेंटर के शिक्षण, गैर-शिक्षण स्टाफ एवं छात्राओं ने भवन एवं परिसर की साफ-सफाई की व एकल उपयोग प्लास्टिक को हटाकर परिसर को स्वच्छ बनाया। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग होनी चाहिए। जब संस्थान के सभी सदस्य मिलकर श्रमदान करते हैं तो यह न केवल परिसर को सुंदर बनाता है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक संदेश जाता है। डा. अनिल कुमार ने कहा कि छात्राओं एवं स्टाफ की भागीदारी अनुकरणीय है। स्वच्छता पखवाड़ा हमें अपने वातावरण को स्वच्छ रखने की आदत विकसित करने की प्रेरणा देता है। स्वच्छता अभियान में डा. रीनू यादव, डा. अंजलि पांचाल, डा. सोनिया यादव, डा. सुनिता यादव, डा. प्रदीप शर्मा, डा. राकेश कुमार, धीरज यादव आदि रहे।

## खोरी मंडल की बैठक आज जिला प्रभारी रहेंगे मौजूद

**रेवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी के खोरी मंडल की बैठक 30 जुलाई को सुबह 11 बजे पार्टी कार्यालय में होगी, जिसमें संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में मंथन किया जाएगा। बैठक में मंडल के सभी पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, बीएलए तथा कार्यकताओं को उपस्थित रहने की अपील की गई है। मंडल अध्यक्ष नरेश यादव ने बताया कि इस बैठक में विधायक डॉ. कृष्ण कुमार, जिला प्रभारी नसीब अहमद तथा भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. वंदना पोपली विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।



## नशामुक्त भारत-विकसित भारत पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 4 को

**रेवाड़ी।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की जिला इकाई मेरा युवा भारत की ओर से नशा मुक्त भारत-विकसित भारत विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता 4 अगस्त को इंदिरा गांधी विवि के कल्पना चावला ऑडिटोरियम में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। मेरा भारत के जिला युवा अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें नशा मुक्त भारत-विकसित भारत अभियान से जोड़ना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, एनएसएस एवं एनसीसी इकाइयों, युवा क्लबों, सांस्कृतिक संस्थाओं के सदस्य तथा अन्य इच्छुक युवा इन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते है। प्रतियोगिता के अंतर्गत समूह गीत, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक, ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, भाषण, रील-यूट्यूब शॉर्ट, स्लोगन लेखन एवं काव्य पाठ जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# पीएम फसल बीमा योजना के तहत 31 तक करें रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



डीसी अभिषेक मीणा ने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान समय रहते अपनी फसल का बीमा अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रेवाड़ी जिले के किसानों के लिए धान, कपास, मक्का, मूंग और बाजरा फसल अधिसूचित की गई है। इन फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। संयुक्त निदेशक कृषि पीसी मीणा ने बताया कि केसीसी धारक किसानों का बीमा संबंधित बैंक के माध्यम से किया जाएगा। निर्धारित समय तक सूचना नहीं देने पर बैंक उपलब्ध रिकार्ड के आधार पर बीमा की प्रक्रिया पूरी करेंगे। उप कृषि निदेशक जितेंद्र अहलावत ने बताया कि गैर ऋणी और बटाईदार किसान 31 जुलाई तक केंद्रीय सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, वाणिज्यिक बैंक, डाकघर, कामन सर्विस सेंटर, अधिकृत बीमा एजेंट अथवा राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल के माध्यम से स्वैच्छिक आधार पर बीमा करा सकते हैं। इनके लिए एग्री स्टैक आईडी होना अनिवार्य है। योजना के तहत कम वर्षा या प्रतिकूल मौसम के कारण बुआई नहीं होने, सूखा, लंबी शुष्क अवधि, बाढ़, जलभराव, कीट व रोग, भूस्खलन, बिजली गिरने से आग, तूफान, चक्रवात और ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान को बीमा सुरक्षा मिलेगी।




### वीबी जीरामजी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देनाः एडीसी

**रेवाड़ी** विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम-जी) अधिनियम 1 जुलाई से पूरे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू किया गया है। यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार, आजीविका सुरक्षा और गांवों के सतत विकास को नई मजबूती देगा। इसके तहत पात्र ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार की वैधानिक गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण व स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं एडीसी राहुल मोदी की अध्यक्षता में लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। एडीसी ने अभियान से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को समयबद्ध एवं समन्वित तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि वीबी जीरामजी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना तथा आमजन को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# रणबीर बने पटवार कानूनगो एसो. के प्रधान

## रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न

■ नवीन कानूनगो को महासचिव, हेमंत को उपप्रधान, सुधीर कुमार को कोषाध्यक्ष, दिनेश को सह सचिव तथा विक्रम सिंह को प्रेस सचिव चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन की नई जिला कार्यकारिणी।

दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी के द्विवार्षिक चुनाव बुधवार को संपन्न हुए, जिनमें रणबीर सिंह को सर्वसम्मति से जिला प्रधान चुना गया। महासचिव की जिम्मेदारी कानूनगो नवीन को सौंपी गई है। चुनाव प्रक्रिया की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान धनराज ने की। चुनाव के दौरान सेवानिवृत्त तहसीलदार सतरूप शर्मा, सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार सत्यपाल यादव, पूर्व प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश सैन, सुमित्रा, ईश्वर बोधवाल तथा एसोसिएशन के पूर्व जिला प्रधान बलजीत यादव सहित जिले भर के पटवारी एवं कानूनगो बड़ी संख्या में मौजूद रहे। तहसीलवार प्रतिनिधियों में नाहड़ से सतीश, पाल्हावास से संजय लाम्बा, बावल से परमजीत, धारूहेड़ा से कुलदीप, कोसली से आशु, मनेठी से जय प्रकाश, रेवाड़ी से कविता तथा डहीना से रामनिवास कानूनगो को जिम्मेदारी सौंपी गई।

यह किए गए कार्यकारिणी में शामिल शेष कार्यकारिणी में हेमंत को उपप्रधान, सुधीर कुमार को कोषाध्यक्ष, दिनेश को सह सचिव तथा विक्रम सिंह को प्रेस सचिव चुना गया। चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हो गए। बाद में चुनाव प्रक्रिया में शामिल लोगों ने नवनिर्वाचित प्रधान रणबीर सिंह और उनकी टीम को शुभकामनाएं दीं।

### निष्ठा से जिम्मेदारी निभाने का वादा

चुनाव के बाद रणबीर सिंह ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, वह उसे पूर्ण निष्ठा और इमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे। वह कर्मचारियों के हितों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने की दिशा में कदम उठाएंगे।

## सैनी सभा को 11 लाख की ग्रांट देने के निर्देश

**नारनौल।** लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा धार्मिक यात्रा पर जाते समय कुछ समय रेस्ट हाउस में रूके। इसकी सूचना मिलने पर बुधवार सैनी सभा की नवगठित कार्यकारिणी ने उनसे शिष्टाचार भेंट की। सैनी सभा के पदाधिकारियों ने मंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर सभा के लिए घोषित 11 लाख रुपये की अनुदान राशि शीघ्र जारी करवाने का आग्रह किया। यह राशि 16 नवंबर 2025 को नारनौल में आयोजित राज्य स्तरीय महाराजा शुरसैनी सैनी समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा मंत्री रणबीर सिंह गंगवा के कोटे से घोषित की गई थी। इस पर मंत्री ने स्टाफ को आवश्यक कार्रवाई करते हुए ग्रांट जारी करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

# साइबर अपराधी फेक वॉईस और डीपफेक कॉल से कर रहे ठगीः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन को एआई वोईस एवं डीपफेक स्कैम से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दुरुपयोग कर लोगों की आवाज की हूबहू नकल तैयार कर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे मामलों में घबराने के बजाय पूरी सतर्कता बरतना आवश्यक है। एसपी ने बताया कि साइबर ठग सोशल मीडिया, वीडियो या ऑडियो क्लिप से किसी व्यक्ति की आवाज लेकर अक तकनीक की मदद से उसकी बिल्कुल मिलती-जुलती आवाज तैयार कर लेते हैं। इसके बाद वे परिजन बनकर फोन करते हैं और किसी दुर्घटना, या अन्य आपात स्थिति का बहाना बनाकर तुरंत पैसे भेजने का दबाव बनाते हैं।

### आमजन के लिए जारी सावधानियां



किसी भी फोन कॉल पर केवल आवाज सुनकर पैसे ट्रांसफर न करें। यदि कोई परिचित या रिश्तेदार पैसे मांगता है तो पहले उसके मोबाइल नंबर पर स्वयं कॉल कर सत्यता की पुष्टि करें। वीडियो कॉल या किसी विश्वसनीय माध्यम से व्यक्ति की पहचान करें। किसी भी प्रकार की जल्दबाजी, डर या भावनात्मक दबाव में आर्थिक लेन-देन न करें। सोशल मीडिया पर अपनी निजी ऑडियो एवं वीडियो सामग्री अनावश्यक रूप से सार्वजनिक करने से बचें। बैंक खाते, ओटीपी, यूपीआई पिन अथवा अन्य गोपनीय वित्तीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। एसपी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को इस प्रकार की संदिग्ध कॉल, ऑडियो संदेश या वीडियो प्राप्त होता है तो वह तत्काल उसकी सत्यता की जांच करे और किसी भी प्रकार का भुगतान न करें।

## आज से सावन मास शुरू चार होंगे सोमवार व्रत

**महेंद्रगढ़।** देवाधिदेव महादेव का प्रिय मास श्रावण मास शुरू होने वाला है। हिंदू धर्म में सावन मास का खास महत्व होता है। ये महीना भगवान शिव को बहुत प्रिय होता है। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि शिवभक्तों के लिए शंकर भगवान की भक्ति के लिए श्रावण मास आज से शुरू होगा और 28 अगस्त तक रहेगा। श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा भक्तिभाव के साथ की जाती है। श्रावण मास सोमवार का भी विशेष महत्व होता है। सावन सोमवार का व्रत करने से अविवाहित विवाह योग्य युवक-युवतियों को योग्य व मनवांछित जीवनसाथी की प्राप्ति होती है, जबकि विवाहित महिलाएं दांपत्य जीवन में सुख और खुशहाली के लिए व्रत रखेगी।

# सोमवार से चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान, कब्जाधारियों पर लगेगा जुर्माना

■ दुकानदारों को चेतावनी, दुकानों के सामने से स्वयं हटाएं अवैध कब्जे व अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली में मुख्य सड़कों और बाजारों से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार से विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। एसडीएम विजय कुमार यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि जिन दुकानदारों ने अब तक अपनी दुकानों के सामने किए गए अवैध कब्जे नहीं हटाए हैं, वे तुरंत अपने कब्जे स्वयं हटा लें, अन्यथा लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि रेलवे स्टेशन, भाकली रोड, नाहड़ रोड, साल्हावास रोड़ सहित कोसली के प्रमुख बाजारों में पहले ही नोटिस जारी कर चुका है।

### बिना नए नोटिस के होगी कार्रवाई



पूर्व में भी कई बार अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया गया था। कुछ लोगों ने स्वेच्छा से कब्जे हटा लिए थे, जबकि कई दुकानदारों ने अब भी सरकारी भूमि पर कब्जा बनाए रखा है। ऐसे लोगों के खिलाफ अब बिना किसी नए नोटिस के कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में साल्हावास-नाहड़ रोड तथा रेलवे स्टेशन से कोसली गांव तक मुख्य मार्ग का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान जहां भी अवैध कब्जा मिला, वहां संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के साथ-साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने में प्रशासन का सहयोग करना चाहिए।

# 4.7 लाख के मोबाइल बरामद लौटाने पर मालिकों के चेहरे खिले

■ गुम हुए 30 महंगे स्मार्टफोन पुलिस ने किए बरामद, मोबाइलों को खोजने के लिए तकनीकी सर्विलासं का लिया सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस की साइबर सेल टीम ने अपनी तकनीकी कार्यकुशलता और कड़ी मेहनत का परिचय देते हुए गुम हुए 30 महंगे स्मार्टफोन सफलतापूर्वक बरामद किए हैं। बरामद किए गए इन मोबाइलों में 10 हजार रुपये से लेकर 40 हजार रुपये तक की कीमत वाले एंड्रॉइड फोन शामिल हैं। इन सभी मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग चार लाख 70 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक ने स्वयं अपने हाथों से ये सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। साइबर सेल की टीम ने इन मोबाइलों को खोजने के लिए व्यापक तकनीकी सर्विलांस का सहारा लिया। टीम की यह सफलता उन्होंने दूसरे जिलों और अन्य राज्यों में भी इन मोबाइलों को ट्रैक करके बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। साइबर सेल की टीम से साइबर सेल इंचार्ज एएसआई बलजीत, सिपाही प्रदीप, विकास, संजीत, अंकित, मिंकू की टीम ने गुमशुदा मोबाइल ढूंढकर मालिकों को लौटाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## सीजेएम ने सुप्रीम कोर्ट से भेजे केसों में की काउंसलिंग

**रेवाड़ी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. रेनू सोलखे ने बताया कि उच्चतम न्यायालय की ओर से 21, 22 और 23 अगस्त समाधान समारोह आयोजित किया जाएगा। सीजेएम ने कहस कि देश भर के विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान और मध्यस्थता के माध्यम से निपटारे के लिए उच्चतम न्यायालय ने सराहनीय पहल की है। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश अनुसार डा. सोलखे ने बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में सुप्रीम कोर्ट की ओर से भेजे गए भेजे गए केसो में काउंसलिंग की तथा दोनों पार्टियों के साथ बातचीत की, ताकि उच्चतम न्यायालय के समाधान समारोह में ज्यादा से ज्यादा केसो को सुलझाया जा सकें।

## कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त 1 अगस्त से दो दिन के दौरे पर

# पार्टी प्रभारी का प्रदेशाध्यक्ष के साथ दो दिन का पड़ाव

■ तीनों हलकों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टटोलेंगे नब्ज, शहरी और ग्रामीण वर्कर्स के साथ अलग-अलग होग संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


राव नरेंद सिंह


संजय दत्त

प्रदेश कांग्रेस के नव-नियुक्त प्रभारी संजय दत्त प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के साथ 1 और 2 अगस्त को रेवाड़ी के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह जिले के शहरी, ग्रामीण तथा तीनों विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस नेताओं और कार्यकतार्ओं के साथ अलग-अलग बैठकों में संवाद कर संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर विस्तार और आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगे। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राज प्रकाश ने बताया कि पार्टी हाईकमान के निदेर्शानुसार यह दौरा संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने और कार्यकतार्ओं की राय जानने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। प्रभारी संजय दत्त कार्यकतार्ओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, सुझाव और संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी भी लेंगे। उन्होंने बताया कि 1 अगस्त को शाम 6:45 बजे से 8:30 बजे तक जिमखाना क्लब में जिला शहरी कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं के साथ बैठक होगी।

### सभी कार्यकर्ताओं से उपस्थित रहने की अपील

राज प्रकाश ने जिले के सभी कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकतार्ओं से निर्धारित समय के अनुसार अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र की बैठक में उपस्थित होने की अपील करते हुए कहा कि यह संगठन को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कार्यकतार्ओं से आग्रह किया कि वे अपने सुझाव प्रभारी के समक्ष रखें ताकि संगठन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

### किया जाएगा संवाद

वहीं 2 अगस्त को सुबह 9:00 बजे से 10:30 बजे तक जिला ग्रामीण कांग्रेस कार्यालय में जिला कार्यकारिणी के सदस्यों से संवाद किया जाएगा। इसके बाद सुबह 10:45 बजे से 12:30 बजे तक रेवाड़ी विधानसभा, दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक कोसली विधानसभा तथा दोपहर 2:45 बजे से सायं 4:30 बजे तक बावल विधानसभा के नेताओं और कार्यकतार्ओं के साथ अलग-अलग बैठकें आयोजित होंगी।

## केंद्रीय वित्त मंत्रालय को भेजा जा चुका प्रस्ताव

# राजस्थान के बहरोड़ तक होगा 'नमो भारत' का संचालन

**केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने दी जानकारी पहले कर दिया गया था बावल तक सीमित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नमो भारत रीजनल रेपिड ट्रांजिट सिस्टम रूट का विस्तार अब राजस्थान के बहरोड़ तक किए जाने का रास्ता साफ हो गया है। पहले इसे धारूहेड़ा और बाद में बावल तक सीमित कर दिया गया था, लेकिन सीमावर्ती इलाकों के लोग इसका बहरोड़ तक विस्तार करने की मांग कर रहे थे। इस विस्तार पर 8 हजार रुपये अतिरिक्त खर्च होने का अनुमान है। दिल्ली के सराय काले खां से गुरूग्राम व बावल तक प्रस्तावित नमो भारत आरआरटीएस के रूट को लेकर काफी समय से असमंजस बना हुआ था। पहले इसे धारूहेड़ा तक सीमित किया गया। बाद में जिले के लोगों की मांग पर बावल तक विस्तार किया गया। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार आरआरटीएस कॉरिडोर को



रेवाड़ी। आरआरटीएस का फाइल फोटो।

राजस्थान के बहरोड़ तक बढ़ाने की मांग क्षेत्र के लोग करते आ रहे थे। बावल व राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों से बड़ी संख्या में लोग रोजाना दिल्ली और गुरूग्राम के बीच आवागमन करते हैं। लोगों की मांग को देखते हुए उन्हें संबंधित नेताओं से बातचीत करते हुए आरआरटीएस का विस्तार बहरोड़ तक करने की मांग उठाई थी, ताकि पूरे क्षेत्र के लोगों को इसका फायदा मिल सके। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से सकारात्मक कदम उठाते हुए इस दिशा में आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करना शुरू कर दिया है। आरआरटीएस का विस्तार बहरोड़ तक किए जाने के प्रस्ताव को वित्त मंत्रालय के पास भेजा गया है, जिस जल्द मंजूरी मिलने की संभावना है।

### औद्योगिक विस्तार पर भी नजर

केंद्र सरकार ने हरियाणा के आईएमटी बावल, नांगल चौधरी में विकसित हो रहे लॉजिस्टिक हब तथा राजस्थान के खुशखेड़ा-बहरोड़-नीमराणा इन्वेस्टमेंट रीजन के भविष्य के औद्योगिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे यात्रियों का समय बचेगा व औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। दोनों राज्यों के आर्थिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे।

### चार नए स्टेशनों का होगा निर्माण



राव ने बताया कि बावल से बहरोड़ तक लगभग 36 किलोमीटर लंबे नए कॉरिडोर का निर्माण प्रस्तावित है। इसमें हरियाणा के करीब 11 किलोमीटर तथा राजस्थान के लगभग 25 किलोमीटर क्षेत्र को शामिल किया जाएगा। इस रूट पर चार नए स्टेशन बनाए जाएंगे और बावल से बहरोड़ तक की यात्रा मात्र 24 मिनट में पूरी हो सकेगी। इस विस्तार पर लगभग 8000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त लागत आने का अनुमान है। राव इंद्रजीत ने बताया कि हाल ही में हुई एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की बैठक में भी इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि राजस्थान के शाहजहांपुर-नीमराणा-बहरोड़ औद्योगिक क्षेत्र को नमो भारत नेटवर्क से जोड़ना बेहद जरूरी है, क्योंकि यहां हजारों कर्मचारी प्रतिदिन काम के लिए आते-जाते हैं। तेज और आधुनिक परिवहन सुविधा मिलने से उद्योगों को भी बड़ा लाभ मिलेगा।

# ट्रैफिक प्रबंधन की कमी से एनएच-48 पर लग रहा जाम

## चालकों का ईंधन बर्बाद हो रहा, एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड तक को निकलने में हो रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-48 पर लगातार बढ़ते जाम से वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जाम के कारण हाइवे पर वाहन रेंगते नजर आ रहे है। लंबे समय से जाम में फंसे रहने के कारण चालकों का समय व इंधन दोनों बर्बाद हो रहे है। जाम के कारण आपातकालीन सेवाओं के वाहन एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड को भी निकलने में मशक्कत करनी पड़ रही है। समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने बुधवार


रेवाड़ी। एनएच-48 पर लगे जाम में फंसे वाहन। फोटो : हरिभूमि

को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष, गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त तथा उपायुक्त को पत्र भेजकर ट्रैफिक प्रबंधन को मजबूत बनाने की मांग की है। प्रकाश यादव ने कहा कि धारूहेड़ा के बाद सिधरावली और बिलासपुर गुरुग्राम जाम के सबसे बड़े केंद्र बन चुके हैं।

### ट्रैफिक प्रबंधन सुधारने के सुझाव

धारूहेड़ा, सिधरावली और बिलासपुर के लिए विशेष ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार किया जाए। एनएचएआई, गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। सर्विस लेन को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाए, अवैध पार्किंग पर प्रभावी कार्रवाई हो तथा सीसीटीवी आधारित ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से कॉरिडोर की निगरानी की जाए ताकि उद्योगों, व्यापार, आम यात्रियों, स्कूली बच्चों और एम्बुलेंस जैसी आवश्यक सेवाओं को राहत मिल सकें।

### हनुमान मंदिर में भजन संध्या में गायकों ने किया मंत्रमुग्ध

रेवाड़ी। सेक्टर-1 सोलहराही स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में मंगलवार रात्रि 36वें सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया। सुंदरकांड में मुख्य यजमान चरण सिंह यादव व ममता यादव थे। भजन गायक गोपाल वर्मा व राम सिंह मीणा राजस्थान ने अपने मनमोहक भजनों से सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र, प्रधान बिल्लू पोसवाल,चरण सिंह, प्रो. विजय शर्मा, प्रशांत गोयल, लाला अमित सांघी, लक्ष्मण रावत, राजू, आशीष, सोमनस, अनिरूध, अतुल, प्रशांत, दीपक व नवीन सहित सैकड़ों श्रृद्धालु मौजूद थे।

# गुरु-वंदन कार्यक्रम में भारतीय संस्कारों के संरक्षण एवं संवर्धन का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गांव सीहा स्थित सीएम ईईई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर चारों सदनों के छात्र प्रकोष्ठ की ओर से प्रार्थना सभा में गुरु-वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया ने की। सभी कक्षाओं के मॉनिटर्स तथा चारों सदनों के प्रभारी विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों का तिलक लगाकर चरण-वंदना व माल्यार्पण करके सम्मान किया।


रेवाड़ी। गुरु वंदन कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

विद्यालय नर्सरी के एथलेटिक्स कोच संदीप कुमार ने सभी स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया। इस मौके पर प्राचार्य नाहड़िया ने गुरु पूर्णिमा तथा गुरु पद के महत्व को रेखांकित करते हुए भारतीय संस्कारों के संरक्षण एवं संवर्धन का आह्वान किया। अध्यापिका मंजू शर्मा की गुरु-वंदना तथा अध्यापक प्रदीप चौहान की कविता बेहद सराही गई। छात्रा पूनम ने गुरु पूर्णिमा पर विचार रखे।

### आपत्तिजनक फोटो डालने का आरोपी काबू

- पुलिस ने शिकायत के आधार पर आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था

रेवाड़ी। साइबर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर युवती का आपत्तिजनक फोटो डालने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। युवती के परिजनों ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में आरोप लगाया था कि एक युवक ने इंस्टाग्राम पर युवती का फोटो अपलोड किया है। वह गलत मैसेज भी करता रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में एक गांव निवासी हिमांशु को गिरफ्तार किया है।


रेवाड़ी। हरजीपुर में पौधे लगाते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### श्मशान भूमि में गुरु पर्व पर लगाए पौधे

रेवाड़ी। बुधवार को गुरु पूर्णिमा के पर्व पर श्री जोतराम सेवा समिति हरजीपुर धाम के भगत परमजीत ने टीम के साथ श्मशान घाट में बरगद, पीपल और नीम की त्रिवेणी, आम, मौसमी व खजूर के पौधे लगाए। सभी ने पौधों क संरक्षण का संकल्प भी लिय। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी सुबेदार कृष्ण कुमार ने कहा की प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए, जिससे पर्यावरण सुधरेगा और आने वाली पीढ़ियों को लाभ भी मिलेगा। इस मौके पर शेर सिंह सोनी, सूरत सिंह, बीरेंद्र सिंह, वेदप्रकाश, अमर सिंह और वीनू सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# गुरुजनों के उच्च आदर्शों, शिक्षा और सन्मार्ग पर चलने का लिया संकल्प


- प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए समिति परिसर में सामूहिक पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भगवान परशुराम शिक्षा समिति की ओर से गांव बूढ़पुर में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान सत्य प्रकाश गौतम ने की और मुख्य यजमान के रूप में कृष्ण कुमार चौहान मौजूद थे। आचार्य विशाल शास्त्री ने विधि-विधान से हवन संपन्न कराया। समाज के प्रबुद्धजनों में बलबीर शर्मा पूर्व प्रधान, जगदीश राय वशिष्ठ कोषाध्यक्ष, आजीवन


रेवाड़ी। गुरु पूर्णिमा पर हवन करते समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

सदस्य लक्ष्मी नारायण शर्मा, पूर्व अध्यापक तेजवान कुकरेजा, आजीवन सदस्य प्रवीण शर्मा, श्रीराम आचार्य व अर्पित ने यज्ञ में आहुति देकर गुरु-परंपरा के प्रति अपनी अटूट आस्था और कृतज्ञता व्यक्त की। सभी ने गुरुजनों के उच्च आदर्शों, शिक्षाओं और सन्मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए समिति परिसर में सामूहिक पौधरोपण भी किया गया। उन्होंने कहा कि गुरु-पूजन के साथ रोपे गए ये पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध पर्यावरण और हरियाली का वरदान बनेंगे।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में गुरु का वंदन करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया गरु का वंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

श्री राम सत्संग भवन छीपटवाड़ा की ओर से बुधवार को गुरु पूर्णिमा पर पंजाबी धर्मशाला में भजन-सत्संग का आयोजन किया गया। इस मौके पर सद्गुरु देव शिवचंद इष्टधारी का विधिवत पूजन एवं वंदन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से श्रद्धालुओं ने गुरु से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में भंडारे का आयोजन भी किया गया। धार्मिक आयोजन में डा. मनोज राव यादव राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा दिल्ली, वंदना पोपली जिला अध्यक्ष भाजपा, मुकेश गोकलगढ़, अमित शास्त्री, सुशील शर्मा, उमेश शर्मा, सुनील वशिष्ठ, सुशील वशिष्ठ, जेके वर्मा सीए, रघुनंदन, नितेंद व पंडित रोहतास शास्त्री सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।


रेवाड़ी। एक खेत में लहलहाती कपास की अगेती फसल। फोटो : हरिभूमि

# बादल एक बार फिर साबित हुए दगाबाज

## आसमान साफ होते ही चढ़ने लगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हल्की बारिश और बूंदाबांदी के आसमान साफ हुआ, तो पारा चढ़ते ही उमस भरी गर्मी ने एक बार फिर लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। मानसून की सक्रियता के साथ भारी बारिश की उम्मीद दम तोड़ गई। मौसम में इस सप्ताह बार-बार बदलाव की संभावना जताई जा रही है, लेकिन अच्छी बारिश की संभावना नजर नहीं आ रही है। एक दिन पहले जिले के लगभग सभी खंडों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी हुई। बुधवार सुबह आसमान में आंशिक बादलों के बीच कुछ इलाकों में बौछारें गिरीं। दोपहर तक आसमान साफ होते ही सूरज की तपिश ने वातावरण में उमस पैदा कर दी। अधिकतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 35.4 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान में एक दिन पूर्व बारिश के कारण 1.0 डिग्री की कमी दर्ज की गई। यह 24.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हवा में नमी का स्तर 65 प्रतिशत तक रहा, जिससे भारी उमस बन गई। दोपहर बाद तक उमस भरी गर्मी ने लोगों के पसीने तक नहीं सूखने दिए।

### टूटी नहीं है अभी मानसून की उम्मीद

मौसम विभाग के अनुसार मानसून कमजोर जरूर पड़ रहा है, परंतु उसके सक्रिय होने की उम्मीद अभी बरकरार है। इस सप्ताह के अंत तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

# आरआरएन डीएवी स्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव


रेवाड़ी। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के आरआरएन डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा उत्सव हर्षोउल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में एलकेजी से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजा और गुरु वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत सामूहिक नृत्य, गुरु महिमा पर आधारित सुंदर कविताएं, दोहे, नारे व लघु नाटिकाएं प्रस्तुत की। स्कूल शिक्षिका उर्मिल यादव ने बच्चों को गुरु के महत्व की जानकारी दी। स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक बधाई दी।

# खेल नर्सरी के निशानेबाजों ने एसजीएफआई डिस्ट्रिक गेम्स में किया 14 पोजीशन पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में सेक्टर-4 स्थित अकेडमी में जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चैंपियनशिप में जिले के 102 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अकादमी के अंतरराष्ट्रीय कोच रमन राव ने बताया कि प्रतियोगिता में राव शूटिंग खेल नर्सरी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 पोजीशन में से 14 पोजीशन पर सफलता हासिल की। चैंपियनशिप के पिस्टल एवं राइफल इवेंट में अंडर-14,17,19 बॉयज एवं गर्ल्स ने उत्कृष्अ प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पोजीशन हासिल करने वाले


रेवाड़ी। प्रतियोगिता में निशाना लगाते हुए शूटर। फोटो : हरिभूमि

खिलाड़ी अब स्टेट लेवल पर प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक वर्ग में मयंक तेजस ने 180 के स्कोर के साथ द्वितीय और हर्ष ने 180 के ही स्कोर के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अंडर-17 में वाशु ने 189 स्कोर के साथ प्रथम और लक्ष्य यादव ने 185 स्कोर के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं, अंडर-19 बालक वर्ग में जतिन ने 187 स्कोर के साथ प्रथम और महेश सैनी ने 183 स्कोर के साथ तृतीय स्थान पाया। बालिका वर्ग अंडर-14 में महिका राव ने 181 के स्कोर के साथ प्रथम, लक्ष्या यादव ने 180 के साथ द्वितीय और मानवी ने 177 के स्कोर के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि दिविशा 171 स्कोर को चौथे स्थान के साथ रिजर्व में रखा गया।

### प्रतियोगिता के परिणाम

अंडर-17 बालिका वर्ग में अन्विका ने 182 स्कोर कर प्रथम, वंशिका ने 178 के साथ द्वितीय और स्नेहा ने 178 स्कोर के साथ तृतीय स्थान हासिल किया, वहीं तन्नू 177 स्कोर चौथे स्थान पर रिजर्व रहीं। इसी प्रकार, अंडर-19 बालिका वर्ग में विविक्था ने 187 के स्कोर के साथ द्वितीय और सिध्या ने 182 के स्कोर के साथ तृतीय स्थान अपने नाम किया, जबकि टीना 181 स्कोर चौथे स्थान के साथ रिजर्व में चुनी गई। प्रतियोगिता के आयोजन में संतलाल पीटीआई, अशोक डीपीई, भूपेंद्र पीटीआई, राजेश डीपीई व रिटायर्ड हेड मास्टर समय सिंह का सहयोग रहा।

## सीएम के आगमन पर भारी भीड़ जुटाने की रणनीति हुई तेज

# मेघवाल समाज सम्मेलन के बहाने शक्ति प्रदर्शन की तैयारी

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

मेघवाल समाज के 23 अगस्त को बावल की अनाज मंडी में होने वाले सम्मेलन को वैसे तो सामाजिक एकता और उत्थान के सूत्र के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन इस सम्मेलन के राजनीतिक मायने भी कम नहीं हैं। यह सम्मेलन उसी बावल कस्बे में होने जा रहा है, जहां 30 जून को कृषि अनुसंधान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में सांसद से लेकर स्थानीय विधायक तक ने शिरकत नहीं की थी। मेघवाल समाज की ओर आयोजित सीएम के इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल सीएम के करीबी दूसरे नेताओं के साथ मिलकर भारी भीड़ जुटाने की कवायद को सिरे चढ़ा सकते हैं। इस सामाजिक आयोजन में सीएम नायब सिंह को बुलाने के लिए मेघवाल समाज के लोगों के साथ न सिर्फ डा. बनवारीलाल, बल्कि दो अन्य नेता भी समय मांगने पहुंचे थे। सीएम की ओर से समारोह में शामिल होने पर स्वीकृति देने के साथ ही इस आयोजन को बड़ी रैली में बदलने पर विचार शुरू हो गया था। पहले यह आयोजन जाट धर्मशाल में रखा गया था, लेकिन बाद में इसे बावल अनाज मंडी में करने का निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार सीएम की ओर से कार्यक्रम फाइनल होने के साथ ही पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल ने सफल आयोजन के लिए रणनीति पर कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ-साथ सीएम के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए दो अन्य नेताओं के साथ संवाद बढ़ाना शुरू कर दिया है। उन्होंने अपने निवास पर खास समर्थकों की मीटिंग में सीएम के आगमन पर शक्ति प्रदर्शन की तैयारी के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### बड़ी घोषणा का भी रहेगा इंतजार



सीएम के बावल आगमन पर चर्चा थी कि राव ने इस हलके से कोई बड़ी घोषणा करने की मांग सीएम से की थी, लेकिन उन्होंने ऐसी कोई घोषणा बाद में करने की बात कही थी। अब इस कार्यक्रम में सीएम बावल हलके के लिए कोई बड़ी घोषणा कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है, तो उसका क्रेडिट भी डा. बनवारीलाल के खाते में जाना तय हो जाएगा।

### 30 जून की कमी दूर करने के प्रयास

गत 30 जून को सीएम के 'खेत बचाओ' कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत और बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार दोनों शामिल नहीं हुए थे। कार्यक्रम में आशा के अनुरूप भीड़ नहीं जुटी थी। बाद में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने स्पष्ट किया था कि अधिकारियों ने प्रोटोकॉल की अनदेखी करते हुए उन्हें निमंत्रण पत्र नहीं भेजा था। राव के नहीं पहुंचने के कारण उनके समर्थकों ने भी कार्यक्रम से दूरी बना ली थी।


डा. बनवारीलाल


राव इंद्रजीत सिंह